# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

## MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY,BIKANER

FORMERLY UNIVERSITY OF BIKANER, BIKANER

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत

NATIONAL HIGHWAY NO. 15, JAISALMER ROAD, BIKANER-334004 (RAJASTHAN) INDIA

दूरभाष/Phone : 0151-2212044 फैक्स/Fax : 2212042 ई–मेल/E-mail : mgsubikaner@gmail.com


**क्रमांक : प.11 ( )/मगसिंविबी/परीक्षा–स्नातक/2022/12727–729** **दिनांक : 18.02.2022**

**विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,**
**बीकानेर।**

**विषय :** मुख्य परीक्षा 2022 के लिए ऑन लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाने एवं महाविद्यालय द्वारा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करने के क्रम में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा **मुख्य परीक्षा 2022** के लिए ऑन लाईन आवेदन–पत्र **दिनांक 21.02.2022** से भरवाये जा रहे हैं। परीक्षार्थी स्वयं अपने कम्प्यूटर सिस्टम अथवा ई–मित्र के माध्यम से परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकता है। **ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरते समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर हेल्पलाईन नं. 9460713090 एवं 7230068203 पर प्रातः 09.00 बजे से सांय 07.00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।** ऑन लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mgsubikaner.ac.in एवं univindia.net पर उपलब्ध हैं। समस्त प्राचार्यगण से आग्रह है कि वे अपने महाविद्यालय स्तर पर हेल्प लाईन के रूप में परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध करावें ताकि परीक्षार्थी सरलता से अपने परीक्षा आवेदन–पत्र ऑन लाईन भर सके। नामांकन (जो छात्र पूर्व में नामांकित नहीं है) एवं परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि निम्नानुसार हैं :–

| S.no | Name of Class | Without Late Fee | With Late Fee of ₹ 100/- | With Double Exam. Fee |
|---|---|---|---|---|
| 1 | M.Phil.<br>B.A., B.Sc., B.Com. Part I & III (Regular/Ex),<br>B.B.A.,B.C.A. Part I, III,<br>B.F.A. Part-I, III & IV (Regular/Ex.)<br>M.A., M.Sc., M.Com. (Final)<br>(Regular/Ex & NC)<br>B.P Ed./B.Ed./B.Ed. (Special)/M.Ed. Part I &II<br>B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed. Part I,II,III &IV<br>PGDCA | 21-02-22<br>To<br>02-03-22 | 03-03-22<br>To<br>09-03-22 | 10-03-22<br>To<br>14-03-22 |
| 2 | B.A., B.Sc., B.Com. Part I,II & III (NC)<br>B.A.,B.Sc. (Additional)<br>B.A./B.Sc. Hons. (Geography/History) Part I,II & III,<br>B.Lib., Diploma Courses | 03-03-22<br>To<br>12-03-22 | 13-03-22<br>To<br>19-03-22 | 20-03-22<br>To<br>24-03-22 |
| 3 | B.A., B.Sc., B.Com. Part II (Regular/Ex)<br>B.B.A.,B.C.A. Part II,<br>B.F.A. Part-II (Regular/Ex.)<br>M.A., M.Sc., M.Com. (Pre)<br>(Regular/Ex & NC)<br>LL.M. Part I/II | 13-03-22<br>To<br>22-03-22 | 23-03-22<br>To<br>29-03-22 | 30-03-22<br>To<br>02-04-22 |

ऑन लाईन भरे गये परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर प्रेषित दिशा–निर्देशों, विश्वविद्यालय के परीक्षा सम्बन्धी नियम/अध्यादेश एवं निम्न बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करें :–

1. परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी की सम्बन्धित परीक्षा के लिए नियमानुसार पात्रता सुनिश्चित की जाए।
2. कृपया सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी द्वारा संबधित कक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करा दिया गया है।
3. परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व कृपया जांच कर ली जावे कि आवेदन–पत्र की समस्त प्रविष्टियाँ यथा परीक्षार्थी का व्यक्तिगत विवरण, निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर, परीक्षार्थी की कैटेगरी (नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी), परीक्षार्थी द्वारा पूर्व में उतीर्ण की गई कक्षा एवं उसका विवरण (कम्पाईलेशन), प्राप्तांक प्रतिशत, पूर्व में उतीर्ण किए गए अनिवार्य प्रश्न–पत्रों के नाम, पूर्व में दी गई परीक्षा के अनुक्रमांक, नामांकन एवं परीक्षार्थी द्वारा चयनित वैकल्पिक विषय आदि सूचनाएं सही एवं पूर्ण रूप से भरी हुई है।
4. जिन छात्रों का पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित नहीं हुआ है, ऐसे छात्र विश्वविद्यालय अध्यादेश 157-A (15) के अनुसार मुख्य परीक्षा 2021 के परिणाम के अनुसार जिस कक्षा के लिए पात्र हैं, उस कक्षा के लिए निर्धारित समयावधि में ऑन लाईन आवेदन–पत्र भरें। पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् यदि इनका परिणाम परिवर्तित होता है (फेल से ईएफपीएस, ईएफपीटी या पूरक) तो इनके द्वारा भरे गए आवेदन–पत्र को अगली उच्च कक्षा में परिवर्तित कर दिया जाएगा। **परीक्षा आरंभ होने की तिथि से सात दिवस पूर्व तक आवेदन–पत्र अगली उच्च कक्षा में परिवर्तन नहीं होने पर परीक्षार्थी की पात्रता सुनिश्चित कर प्रवेश/अनुमति पत्र जारी करावें।**
5. **महाविद्यालय को विश्वविद्यालय पोर्टल univindia.net पर पृथक से कॉलेज लॉगिन का विकल्प दिया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जाकर user id में स्वयं की कॉलेज कोड एवं password में mgsu डालकर लॉगिन करें। तत्पश्चात् वांछित सूचनाएं भरते हुए पासवर्ड रिसेट करें। यूजर आई डी व पासवर्ड भविष्य में उपयोग के लिए अपने पास सुरक्षित रखें।**
6. **महाविद्यालय में जमा हुए परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाईन सत्यापित(Verify) करें तथा पोर्टल पर उपलब्ध कक्षा/संकाय/विषयवार NR List print कर प्राचार्य द्वारा सत्यापित करते हुए आवेदन पत्रों के साथ विश्वविद्यालय में जमा करावें।**
7. **परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करते समय यह ध्यान रखा जावे कि आवेदन–पत्र की विश्वविद्यालय प्रति के साथ अर्हता परीक्षा/पूर्व परीक्षा की अंकतालिका/प्रवजन प्रमाण पत्र आदि वांछित दस्तावेज संलग्न करें। परीक्षा आवेदन पत्र की महाविद्यालय प्रति अपने रिकॉर्ड के लिए रखें। परीक्षा आवेदन पत्र कक्षा अनुसार, विषयानुसार एवं एन आर लिस्ट के अनुसार हो, अन्यथा स्वीकार नहीं होगें।**
8. महाविद्यालय में भिन्न–भिन्न शुल्क यथा(बिना विलम्ब शुल्क, रू 100/–विलम्ब शुल्क, दुगने शुल्क) से जमा किए गए विभिन्न कक्षाओं के आवेदन–पत्र कक्षा/संकाय/विषयवार व्यवस्थित कर निम्न तिथि अनुसार विश्वविद्यालय को प्रेषित करावें :–
    1. दिनांक **14.03.2022** तक ऑनलाईन भरे गए विभिन्न कक्षाओं के आवेदन–पत्र **25.03.2022** तक
    2. दिनांक 24**.03.2022** तक ऑनलाईन भरे गए विभिन्न कक्षाओं के आवेदन–पत्र **04.04.2022** तक
    3. दिनांक 0**2.04.2022** तक ऑनलाईन भरे गए विभिन्न कक्षाओं के आवेदन–पत्र **12.04.2022** तक
9. निर्धारित समयावधि में आवेदन–पत्र जमा करवाने के लिए आने वाले महाविद्यालय कर्मचारी को यात्रा भत्ता भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।
10. महाविद्यालय के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव अथवा अन्य किसी कारण से परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र परिवर्तित करने की स्थिति में संबधित परीक्षा केन्द्र को परीक्षार्थियों से प्राप्त विकास शुल्क स्थानांतरित परीक्षा केन्द्र को हस्तांतरित करना होगा।

11. उपर्युक्त प्रक्रिया द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन–पत्रों (नियमित / पूर्व छात्र / स्वयंपाठी परीक्षार्थियों) के लिए विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को निम्नानुसार अग्रेषण शुल्क देय हैः–

| **क्र.सं.** | **विवरण** | **नियमित / पूर्व छात्रों के लिए** | **स्वयंपाठी छात्रों के लिए** |
|---|---|---|---|
| 1 | मंत्रालयिक कर्मचारियों को आवेदन–पत्रों की जाँच, एन आर लिस्ट के अनुसार आवेदन पत्रों को व्यवस्थित करने हेतु, नामांकन / अंक सुधार हेतु प्राप्त मूल अंकतालिका, मुख्य परीक्षा की मूल अंकतालिका व प्रोविजनल प्रमाण पत्र वितरित करने हेतु | 2.50 / – | 5.00 / – |
| 2 | उपर्युक्त कार्यों में सहयोग करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु। | 0.50 / – | 1.00 / – |
| 3 | महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्रों को के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर अग्रेषित करने एवं सम्पूर्ण कार्यों का पर्यवेक्षण करने हेतु। | 1.00 / – | 2.00 / – |
| 4 | आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करने के काम में आने वाली स्टेशनरी एवं डाक टिकट आदि के लिए। | 1.00 / – | 2.00 / – |
| | **कुल योग** | **5.00 / –** | **10.00 / –** |

(प्रो. राजाराम चोयल)
परीक्षा नियंत्रक

**क्रमांक : प.11 ( ) / मगसिंविबी / परीक्षा–स्नातक / 2022 / 12730–738** **दिनांक : 18.02.2022**

**प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. **निजी सचिव, कुलपति / निजी सहायक, कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।**
2. **वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।**
3. **आहरण एवं वितरण अधिकारी, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।**
4. **सहायक कुलसचिव–नामांकन / गोपनीय, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।**
5. **समस्त अनुभाग अधिकारी, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।**
6. **संस्थापन शाखा(आवक एवं जावक) को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालयों से प्राप्त आवेदन पत्र संबधित अनुभाग में भिजवाना सुनिश्चित करें।**
7. **श्री फौजा सिंह, नोडल ऑफिसर, वेबसाईट, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करावें।**

(डॉ. गिरीराज हर्ष)
सहायक कुलसचिव(परीक्षा)